VOICE OF MOVEMENT, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आईटी विज का सातवां संस्करण 9 को

लखनऊ (ब्यूरो)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा देश में स्कूलों की सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज आईटी विज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन आगामी 9 अक्टूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में में आयोजित की जायेगी। इस बात की जानाकरी गुरुवार को टाटा कंसलटेंसी लखनऊ क्षेत्र के प्रिंसिपल कंसल्टेंट और रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दी।

टीसीएस आईटी विज का लखनऊ संस्करण उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के कक्षा 8 से कक्षा 12 में पढ़ रहे छात्र भाग ले सकते हैं। इसमें प्रवेश नि: शुल्क है। प्रत्येक स्कूल से कई टीमें भग ले सकती हैं जिनमें प्रति टीम दो सदस्य होंगे। क्षेत्रीय राउंड की विजेता टीम दिसंबर में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेंगी। जहां 14 क्षेत्रीय दौर से विजेता टीम टीसीएस आईटी विज चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस वर्ष टीसीएस आईटी विज का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, दिल्ली और मुंबई में किया जायेगा। विख्यात क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिक ब्रेन क्विज का संचालन करेगे। भाग लेने के लिए प्रतियोगियों को स्कूल के माध्यम से माध्यम से 6 अक्टूबर 2012 या इससे पहले, को-आर्डिनेटर, टीसीएस आईटी विज के आयोजक से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अवध पार्क, विभूति खंडए गोमती नगर , लखनऊ को प्रविष्टिया भेजनी होगा।